# Regarding removal of QCO BIS Certification on Cotton bales-Laid

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा):** भारत सरकार ने कपास गुणवत्ता नियन्त्रण आदेश 2023 लागू किया है । इसके द्वारा कपास की गांठो को बीआईएस में डाल दिया है । मैं सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ कि कपास एक प्राकृतिक रेशा है और विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग समय में इसकी कई प्रकार की किस्में बोई जाती हैं । हर वर्ष जलवायु और बीज के कारण विशेषताएं बदल जाती है । कपास इकाइयां केवल किसान की उपज का प्रसंस्करण करती है । जिनिंग ईकाई मानक जिनिंग पद्धतियों को अपना सकती हैं । कपास की गांठो में निर्दिष्ट बीआइएस मापदंडों को पूरा नहीं होने पर भी इसकी आर्थिक मूल्यों में कोई कमी नहीं आती है । बीआईएस अधिनियम में कहा गया है कि मापदण्ड के किसी भी प्रकार के उल्लंघन पर भारी जुर्माना, गिरफ्तारी जैसी बाते शामिल हैं । मेरा आग्रह है कि कपास की गांठो पर क्यूसीओ- बीआईएस के नियम को हटाया जाए ।